## हीट वेव को लेकर एडवाजरी जारी की

**सीकर,** (निसं)। प्रदेश में भीषण गर्मी और हीट वेव का दौर है। ऐसे में सीकर जिले में भी आमजन दोपहर की तपती चुबती गर्मी से बेहाल है। कहीं लू तापघात की चपेट में आने से आपकी सेहत ना बिगड़ जाएं। इसके लिए विशेष एहतियाद बरतने और बचाव के उपायों का पालन करने की जरूरत है। हीट वेव रेड अलर्ट के मददेनजर चिकित्सा विभाग ने लू तापघात, हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए अस्पतालों में विशेष इंतजाम किए है। लोगों के लिए विभाग की ओर से एडवाईजरी जारी की है।

सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि लू-तापघात के लिए अस्पतालों में विषेष प्रबंध किए गए हैं। रोगियों के लिए अलग से लू-तापघात वार्ड आरक्षित किए गए हैं। इनमें कूलर, पंखे, षीतल जल एवं अन्य आवष्यक लॉजिस्टिक उपकरणों की व्यवस्थाएं की गई हैं। उपचार संबंधी आवष्यक दवाइयों की उपलब्धता भी रखी गई है। लू लगने के लक्षण पहचानें-घबराहट, चक्कर आना, त्वचा का गर्म, लाल व सूखी होना। मांसपेषियों में कमजोरी या ऐंठन, मतली या उल्टी आना, तेज सिर दर्द होना, घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोषी, सांस फूलना, धड़कन तेज होना, षरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फेरेनहाइट होना आदि लू लगने के लक्षण है। इन लक्षणों के साथ अस्वस्थ महसूस करे तो किसी छायादार ठण्डी जगह पर आराम करें।

# पुलिस ने एक ही गैंग के चार बदमाशों को दबोचा, अवैध हथियार बरामद

## जोधपुर में लूट और अपने तीन दुश्मनों को ठिकाने लगाने का प्लान था

**सूरजगढ़,** (निसं)। पुलिस ने डीएसटी के सहयोग से एक ही गैंग के चार बदमाशों को दबोचा है। उनके पास से दो पिस्टल और सात जिंदा कारतूस भी बरामद किए है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि चारों बदमाश अपने दुश्मनों को ठिकाने लगाने के लिए प्लान तैयार कर चुके थे। इसके लिए ही हथियार लेकर आए थे। वहीं सूरजगढ़ से वे जोधपुर जाने वाले थे। जहां पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले थे। पकड़े गए चार बदमाशों में से दो गंगापुर सिटी में हुई फायरिंग की वारदात में वांछित है।

एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि बीती रात को डीएसटी को सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश सूरजगढ़ कस्बे में घूम रहे हैं। जिस पर पुलिस ने फरट चौराहे पर नाकाबंदी की। यहां पर एक कार को रोका गया और उसमें बैठे युवकों से पूछताछ की तो वे सही से जवाब नहीं दे पाए। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से एक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस मिले। कार में बैठे व्यक्तियों के नाम पते पूछे तो वे आदतन बदमाश सूरजगढ़ कस्बे के वार्ड नंबर एक निवासी योगेश उर्फ योगी नायक, इसी वार्ड का संदीप उर्फ दीपू उर्फ दीपक



पुलिस ने डीएसटी के सहयोग से एक ही गैंग के बदमाशों को गिरफ्तार किया।

नायक तथा जाखोद निवासी सुमेर सिंह उर्फ शेरा कुम्हार था। जिन्हें आर्म्स एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से एक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक कार और 62 हजार 380 रूपए कैश जब्त किए गए। इन आरोपियों से मिले इनपुट के आधार पर इनके ही एक साथी उदयपुरवाटी थाना इलाके के डाकला की ढाणी निवासी अजय सैनी को भी पुलिस ने सूरजगढ़ कस्बे के गांधी चौक से गिरफ्तार किया। जिसके पास से भी पुलिस को एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस मिले है।

एसपी राजर्षिराज वर्मा ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। चारों के चारों आरोपी आदतन बदमाश है। इनमें से योगेश उर्फ योगी पर 15, संदीप उर्फ दीपू पर 14, सुमेर

- **पुलिस ने बदमाशों से दो पिस्टल और सात जिंदा कारतूस भी बरामद किए**

सिंह उर्फ शेरा पर 10 तथा अजय सैनी पर झुंझुनूं जिले के विभिन्न थानों में पांच मुकदमे दर्ज हैं। एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वे जोधपुर में एक लूट की वारदात करने की फिराक में थे। इसके लिए वे लूट की जाने वाली जगह की रैकी करके आ चुके थे। अब लूट की वारदात को अंजाम देने जोधपुर जाने वाले थे। इसके अलावा बदमाशों की तीन अलग-अलग लोगों के साथ व्यक्तिगत रंजिश चल रही है। इसलिए तीनों की हत्या करने का भी प्लान बना चुके थे। जिन तीन लोगों की हत्या की जानी है, उनमें से एक फिलहाल जेल में है, जो जेल से छूटने वाला है, इसलिए चारों बदमाशों ने अपने अपने दुश्मनों को जान से खत्म करने का प्लान बना रखा था। फिलहाल आरोपियों से और पूछताछ की जा रही है।

# चूरू की आवासन मण्डल कॉलोनी में पांच दिन से नहीं हुई पानी की सप्लाई

**चूरू,** (कासं)। गर्मी का मौसम शुरू होते ही चूरू की आवासन मण्डल कॉलोनी में पेयजल संकट गहरा गया है। यहां पिछले पांच दिन से पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंची है। ऐसे में कॉलोनी के लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है।

- **पानी नहीं आने से महिलाओं को अधिक परेशानी हो रही है, लोग परेशान**
- **जलदाय विभाग के अनुसार पाइप लाइन टूट जाने के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो रही है**
- **लोगों ने कहा कि टेंकर से पानी सप्लाई की जाये ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके**

आवासन मण्डल कॉलोनी के सेक्टर 10 निवासी शिवनंदन शर्मा ने बताया कि पांच दिन से पेयजल की सप्लाई पूरी तरह से बंद है। यहां लोगों के घरों में हाथ धोने के लिए भी पानी नहीं है। ऐसे में लोगों को भटकते हुए देखा जा सकता है। पानी नहीं आने से महिलाओं को अधिक परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार यहां जलदाय विभाग के कर्मचारी मंगलाराम का स्थानान्तरण अन्यत्र हो गया है। मंगलाराम समय पर पेयजल की सप्लाई करते थे। मंगलाराम के स्थान पर आए सत्तार खान पिछले पांच दिन से अवकाश पर चल रहे हैं। सत्तार खान के स्थान पर किसी भी कर्मचारी को पानी सप्लाई का कार्य नहीं सौंपा गया है। यहां शिवनंदन शर्मा सहित नागरिकों ने कहा कि टेंकर से पानी सप्लाई किया जावे ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके।

इस संबंध में जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियन्ता संजय ने कहा कि पाइप लाइन टूट जाने के कारण आवासन मण्डल कॉलोनी में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। कुल मिलाकर यहां सीएम बहड़ सर्किल से लेकर गाजसर की रोही तक सड़क किनारे लोगों ने पेयजल के अवैध कनेक्शन कर रखे हैं। मजे की बात यह है कि यहां अवैध कनेक्शन वाले लोगों के ढाबों आदि में पानी की सप्लाई बराबर बिना किसी बाधा के हो रही है। जबकि पानी का बिल भरने वाले आवासन मण्डल कॉलोनी के उपभोक्ता पानी की एक-एक बाल्टी के लिए तरस रहे हैं।

परेशान नागरिकों ने कहा है कि आवासन मण्डल कॉलोनी में पेयजल समस्या का समाधान करवाने के लिए कलेक्टर पुष्पा सत्यानी को आगे आना चाहिए। वे एक महिला हैं और यहां पानी नहीं आने से महिलाओं को ही अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में लोगों ने विधायक हरलाल सहारण को भी अवगत करवाया है।

इस संबंध में जलदाय विभाग के एसी रमेश कुमार राठी ने कहा कि कल पानी की सप्लाई हो जाएगी। लाइन डेमेज हो गई थी, अब पानी मिल जाएगा।

## दो साल से फरार पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**सादुलपुर,** (निसं)। नशीली टैबलेट बेचने के आरोप में 02 साल से फरार तथा 05 हजार रुपए का घोषित इनामी आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि गत 2 साल से फरार इनामी आरोपी सद्दाम पुत्र अयूब कुरेशी उम्र 33 वर्ष निवासी नयासर पुलिस थाना सदर झुंझुनू हाल निवासी इंदिरा नगर झुंझुनू को झुंझुनू से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ वर्ष 2022 में एनडीपीएस एक्ट अंतर्गत अवैध नशीली टैबलेट जप्त की गई थी। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी लगातार दो वर्षों से फरार चल रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव की ओर से आरोपी पर 05 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। इसके अलावा अपर सेशन न्यायाधीश प्रथम की ओर से आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट भी जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ किशोरी लाल तथा आईपीएस सहायक पुलिस अधीक्षक राजगढ प्रशांत किरण के निकट सुपरविजन में तथा थाना अधिकारी राजगढ पुष्पेंद्र झाझडिया पु.नि. के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। जिसमें वांछित अपराधियों, स्थाई भगोडे, उद्घोषित अपराधी, इनामी अपराधी की गिरफ्तारी के लिए टीम ने सूचनाओं का संकलन कर फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि प्रकरण में हैड कांस्टेबल सज्जन कुमार, कांस्टेबल रमाकांत आदि ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

## बाबा उमदसिंह की 20वीं निशान यात्रा निकाली

**सिंघाना,** (निसं)। क्षेत्र के लोगों के आस्था के प्रतीक बाबा उमदसिंह की बुधवार को 20वीं निशान पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। बुहाना से शुरू हुई निशान यात्रा तातीजा में बाबा के मंदिर पर पहुंची, जहां पद यात्रियों ने बाबा के मंदिर में निशान चढ़ाकर जयकारे लगाए।

जानकारी के अनुसार बाबा उमद सिंह क्षेत्र के लोगों के आस्था के प्रतीक माने जाते हैं। जिनका मुख्य मंदिर तातीजा में पहाड़ी पर बना हुआ है, वहीं श्रद्धालुओं ने इनका एक मंदिर बुहाना में भी बनाया हुआ है। बाबा के भक्त हर वर्ष बुहाना से पैदल निशान यात्रा लेकर रवाना होते हैं और तातीजा में बने मंदिर में निशान चढ़ा कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हैं। सिंघाना पंचायत समिति के सामने बंशीधर, दिनेश कुमार की ओर से बाबा उमदसिंह महाराज की पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जलपान व आहार की व्यवस्था की गई।

पदयात्रा छतरी धाम बुहाना से तातीजा धाम ाहुंचकर बाबा को निशान चढ़ाएंगे। बाबा की निशाना यात्रा में करीब दो हजार युवा, पुरुष व महिलाएं शामिल थी। श्रद्धालु डीजे पर नाचते हुए बाबा उमद सिंह जी महाराज के जयकारे लगाते हुए पदयात्रा में भाग ले रहे थे। पदयात्रा के दौरान युवाओं में काफी जोश देखा गया, जो काफी संख्या भाग ले रहे थे। पदयात्रा से करीब तीन किलोमीटर की सड़क पर श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही थी।

# 'स्वच्छता के कार्यों में गति लाएं'

**चूरू,** (कासं)। जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा है कि अधिकारी सघन मॉनीटरिंग कर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों को गति दें और पूरी गंभीरता के साथ काम करते हुए मिशन की मंशा को साकार करें।

- **जिला कलेक्टर ने जिला स्वच्छता प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित किया**

जिला कलेक्टर बुधवार को जिला स्वच्छता प्रबंधन समिति की बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मॉडल ग्राम पंचायतों में गांव के सभी घरों में उपयोग में आ रहे शौचालय सुनिश्चित हों, गांव के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत घरों में उपयोग में आ रहा शौचालय हो, जिसमें महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की सुविधा हो। गांव के सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा नहीं हो। गांव में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की व्यवस्था हो। दीवारों पर पेंटिग, बिलबोर्ड आदि के माध्यम से ओ.डी.एफ. प्लस के आई.ई.सी. संदेशों का प्रमुखता से प्रदर्शन हो। सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की नियमित सफाई हो एवं उनका उपयोग सुनिश्चित करें। वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना के अनुसार प्रस्तावित सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण करवाएं। इनके निर्माण हेतु उपयोगिता के अनुसार स्थान का चयन करें। गांवो में ग्रे वाटर प्रबंधन कार्य जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत पूर्ण करें। सीईओ मोहन लाल खटनावलिया ने अधिकारियों से कहा कि पन्द्रहवां वित्त आयोग के टाईड फण्ड में निर्धारित 30 प्रतिशत राशि को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की गतिविधियों में ही उपयोग लिया जाना है। अन्य या गैर अनुमत मद में राशि का व्यय नहीं करें।

उन्होंने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीर यादव को भी शौचालय विहीन विद्यालयों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने आईसीडीएस उपनिदेशक एवं विकास अधिकारियों से कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। शीघ्र ही मॉडल ग्राम पंचायतों में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा, स्वच्छता के सभी मापदंडों के अनुसार ग्राम पंचायतों में व्यवस्था करें तथा अन्य सुविधाएं भी सुनिश्चित करें। उन्होंने विकास अधिकारियों के साथ ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन तथा मॉडल ग्राम पंचायत घोषित किये जाने हेतु बिन्दुवार समीक्षा कर 30 मई तक 60 प्रतिशत, 15 जून तक 80 प्रतिशत व 30 जून तक शत-प्रतिशत मॉडल ओडीएफ घोषित करवाएं। एसीईओ दुर्गा ढ़ाका ने विकास अधिकारियों को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। एसबीएम समन्वयक श्यामलाल शर्मा ने जिले में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 मई तक पुनः प्रभारी अधिकारियों एवं ब्लॉक समन्वयकों के साथ समीक्षा की जाएगी। बैठक में एसीईओ दुर्गा ढ़ाका, डीडी आईसीडीएस नरेंद्र सिंह शेखावत, सीडीईओ जगबीर यादव, एडीपीआर कुमार अजय, बीडीओ अमरजीत बाबल सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

## सार-समाचार

### प्रतिभाओं को सम्मानित किया



**चूरू,** (कासं.)। स्थानीय श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी उ.मा. विद्यालय में बुधवार को कक्षा 6, 7, 9 व 11 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया और उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को प्रतिक चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया गया। परीक्षा परिणाम की घोषणा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय विकास व प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉ. सूरजमल सुराणा ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य जगदीष प्रसाद जांगिड़ ने की। वहीं विषिष्ट अतिथि चांद मल सुराणा, अभय बगड़िया, प्रधानाचार्य प्रेम सिंह राठौड़, अजय शर्मा व प्रभु सिंह थे। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विधार्थियों को प्रतीक चिह्न व प्रषस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद जागिड़ ने बताया कि इस परीक्षा में विद्यालय स्तर पर मोहित वर्मा ने प्रथम, मनीषा सैनी ने द्वितीय व नितेश पूनियां ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य जगदीश धुंआ, सुरेश शर्मा, विजय कुमार ष्षर्मा, पूनम वर्मा, सुमन शर्मा, हरीश शर्मा, नौशाद अहमद, कृष्णा वर्मा व भंवरलाल ने आगंतुक अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया।

### महाराव शेखाजी की पुण्यतिथि कल

**चूरू,** (कासं.)। शेखावाटी के संस्थापक, युगपुरूष महाराव शेखाजी की 536वीं पुण्यतिथि (निर्वाण दिवस) महाराव शेखाजी संस्थान, चूरू के तत्वावधान में संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अमरसिंह शेखावत की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक मनाई जायेगी। संस्थान के सचिव ज्ञान सिंह ख्याली के अनुसार चूरू जिला मुख्यालय स्थित शेखावत कॉलोनी के श्री करणी माताजी मन्दिर सभागार में निर्वाण दिवस मनाया जायेगा जिसमें उत्तम सिंह शेखावत, अति. जिला कलेक्टर चूरू, मुख्य अतिथि तथा सतपाल सिंह शेखावत अति. पुलिस अधीक्षक चूरू, कर्नल विक्रम सिंह शेखावत एवं विक्रम सिंह राठौड़ कोटवाद विशिष्ट अतिथि होंगे। संयोजक कप्तान मदन सिंह एवं गुलाब सिंह शेखावत ने बताया कि महाराव शेखाजी की पुण्यतिथि कार्यक्रम कल शुक्रवार अक्षय तृतीया 10 मई को प्रात: 8.30 बजे आयोजित होगा, जिसमें सर्वसमाज से आग्रह है कि समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नारी रक्षक व एकता के प्रतीक महाराव शेखाजी को श्रद्धासुमन अर्पित करें।

### जिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता 14 को

**सादुलपुर,** (निसं)। चूरू जिला मुक्केबाजी संघ के द्वारा द्रोणाचार्य नेशनल बॉक्सिंग एकेडमी सादुलपुर में जिला जूनियर बालक-बालिका एवं यूथ बालिकाओं की जिला यूथ मुक्केबाजी प्रतियोगिता 14 मई 2024 मंगलवार को प्रात: 8 बजे प्रारंभ होगी। जिसमें जिला जूनियर बालक-बालिका जन्म 2008 से 2009 की जिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता होगी। तथा इसी के साथ यूथ बालिकाओं जिनका जन्म 2006 व 2007 में हुआ हो ऐसी बालिकाओं की भी यूथ जिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता आरंभ होगी। द्रोणाचार्य अवार्डी कोच अनूप कुमार बघेला ने बताया कि भाग लेने वाले सभी जूनियर बालक-बालिका तथा यूथ वर्ग की बालिकाएं अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आएं।

### रेल यातायात प्रभावित रहेगा

**चिड़ावा,** (निसं)। गंगानगर से चिड़ावा होते हुए जयपुर जाने वाली ट्रेन 12 मई को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। इसको लेकर रेलवे ने आदेश जारी किए हैं। दैनिक रेल यात्री संघ, चिडावा के अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा ने बताया कि रेलवे मार्ग पर तकनीकी कार्य किया जाना है। इसके चलते रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इसके कारण ट्रेन नंबर 04705 गंगानगर-जयपुर वाया लोहारू- चिड़ावा- झुंझुनू- सीकर स्पेशल रेलसेवा 12 मई को श्रीगंगानगर से रवाना होगी। यह गाडी इस दिन परिवर्तित मार्ग वाया हनुमानगढ़-बीकानेर- चूरू- सीकर होकर संचालित होगी। रेलवे पीआरओ ने इस संदर्भ में जानकारी साझा करते हुए बताया कि यात्रियों को चिड़ावा झुंझुनूं रूट कर केवल एक दिन ही यह ट्रेन उपलब्ध नहीं रहेगी। बाद में वापस ये रेगुलर इसी रूट पर चलेगी।

### शहीद की पुण्यतिथि मनाई

**चिड़ावा,** (निसं)। देवरोड़ की नरहड़ रोड पर शहीद संदीप कुमार किरोड़ीवाल की पांचवीं पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। लोगों ने वीरांगना सुमन देवी का सम्मान किया। लोगों ने शहीद संदीप कुमार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेना का आ ान किया। इस दौरान कुम्हार कुमावत महासभा के अधिकारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गजानंद कुमावत, प्रदेश मंत्री संजय कुमावत, तहसील अध्यक्ष श्याम कुमार रानोलिया, सुंदरलाल रानोलिया, शुभकरण किरोड़ीवाल, राजेश ठेकेदार, पूर्व प्रधान शेर सिंह, देवरोड सरपंच मंजू देवी, अनूप नेहरा, प्रभाती लाल, सूबेदार श्री चंद किरोड़ीवाल, जगदीश प्रसाद, नवीन कुमार सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

### परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां जारी

**चूरू,**(कासं.)। ज़िला मुख्यालय पर कल 10 मई को परशुराम जयंती पर निकाली जा रही शोभायात्रा की तैयारियां जोरो पर चल रही है। विप्र समाज के मीडिया प्रभारी डॉ श्रवण महर्षि ने बताया कि इस अवसर पर शोभायात्रा पर जगह जगह पुष्प बरसाएं जाएंगे। वहीं अनेक स्थानों पर विभिन्न समाज द्वारा ठंडे पीने के पानी व जूस शरबत की स्टॉल लगाई जाकर शोभा यात्रा का स्वागत किया जावेगा। यात्रा के लिए विप्र समाज के अनेक कार्यकर्त्ता विभिन्न कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# बी.सी.एम.ओ. ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया

## तातीजा अस्पताल प्रभारी अनुपस्थित मिलने पर दिया नोटिस

**खेतड़ी,** (निसं) खेतड़ी में मौसमी बीमारियों को देखते हुए बुधवार को ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान समय पर ड्यूटी पर डॉक्टर के मौजूद नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी किए गए हैं।

बी.सी.एम.ओ. डॉ. हरीश यादव सरकार की ओर से निर्धारित समय पर तातीजा के राजकीय अस्पताल परिसर में पहुंचे, जहां अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बीसीएमओ डॉ हरीश यादव ने बताया

- **ग्रामीणों ने की थी डॉक्टर नहीं मिलने की शिकायत**


बी.सी.एम.ओ. डॉ. हरीश यादव ने तातीजा के राजकीय अस्पताल में व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

कि ग्रामीणों की ओर से शिकायत दी गई थी कि अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं मिलती है, जिसके चलते मौसमी बीमारियों का ग्रामीणों को उपचार नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर वह अस्पताल में पहुंचे तो पीएचसी प्रभारी डॉ प्रियंका बिना सूचना के अनुपस्थित पाई गई।

जिस पर उन्होंने बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके बाद उन्होंने वार्ड, दवा वितरण केंद्र, जांच लैब, उपस्तिथि पंजिका सहित आदि का निरीक्षण किया। वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान आगामी हीट वेव के मरीजों की बढ़ोतरी के अंदेशों को लेकर अलग से वार्ड बनाने, डीडीसी व दवा स्टोर में दवाइयां के स्टॉक पर्याप्त मात्रा में रखनेके निर्देश दिए। बीसीएमओ डॉ यादव ने अस्पताल में एमएनडीवाई व एमएनजेवाई योजनाओं के लाभार्थियों से यथास्थिति पूछी।

इसके बाद उन्होंने पीएचसी का भी निरीक्षण कर हीट वेव को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं में बेहतर सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जल्द ही दोबारा से अस्पताल का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान कोई भी कमियां पाई गई तो संबंधित प्रभारी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने मौसमी बीमारियों को देखते हुए अस्पताल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर श्यामलाल सुंदर, प्रितम शर्मा, कैलाश चंद, नितिन कुमार, सरोज सहित कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस पर मरीजों को फल बांटे

**चूरू,** (कासं.)। अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस पर बुधवार को रेडक्रॉस सोसायटी चूरू की ओर से जिला मुख्यालय स्थित राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान अस्पताल में भर्ती रोगियों, प्रसूताओं व परिजनों को फल वितरित किया गया। इसके साथ ही भामाशाह मेघराज धर्मचंद सुराणा के सौजन्य से अस्पताल में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा चार कूलर प्रदान किए गए। रेडक्रॉस सोसायटी की जिला अध्यक्ष जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने फल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सत्यानी ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी ने अपनी मानव कल्याण गतिविधियों से पूरे विश्व में एक प्रतिष्ठा अर्जित की है। उन्होंने कहा कि चूरू में सोसायटी की गतिविधियां हमेशा सराहनीय रही हैं।

चूरू जिले के लोग मानव कल्याण एवं परोपकार के कार्यों में लगातार अपने खून-पसीने की कमाई लगाते हैं, यह अत्यंत सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जहां पूरी दुनिया अंधी प्रतिस्पर्धा में लगी हुई हैं, वहीं कुछ लोग हमेशा मानव कल्याण में लगे रहते हैं। निस्संदेह ऐसे ही लोगों ने इस दुनिया को खूबसूरत बना रखा है। हमें ऐसे सेवाभावी लोगों एवं संस्थाओं का सम्मान करना चाहिए।

# स्कूल में खाना बनाने वाली की बेटी की शादी में भात भरा


राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिद्धमुख के शिक्षकों ने स्कूल में खाना बनाने वाली बेबी देवी को बहन मानकर मायरा भरा।

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिद्धमुख में सेवादात्री खाना बनाने वाली बेबी देवी की बेटी की शादी में शिक्षकों ने बुधवार को 31 हजार रूपये नगद मायरा भरकर चुनरी ओढ़ाई तथा सूट भी दिये।

- **शिक्षकों ने 31 हजार रूपये नगद मायरा भरकर चुनरी ओढ़ाई तथा सूट भी दिये**

जानकारी के अनुसार बेबी देवी की आर्थिक स्थिति बेहद नाजूक है और पिछले काफी वर्षों से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिद्धमुख में खाना बनाकर व साफ-सफाई का कार्य कर अपना जीवन-यापन कर रही है। उनकी पुत्री की शादी 10 मई को होनी है। जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिद्धमुख के स्टाफ ने मानवता दिखाते हुए बेबी देवी को बहिन मानते हुए भात भरने की योजना बनाई और हजारों रूपये का आर्थिक सहयोग कर मायरा भरा। प्रधानाचार्य दीपचंद इंदौरिया, उपप्राचार्य लक्ष्मीचंद मेहरा, उपप्राचार्य मनोज कुमार दायमा, उपप्राचार्य सीताराम छापोला, प्रदीप कुमार व्याख्याता, मंजू कुमारी व्याख्याता, संतोष कुमार शर्मा वरिष्ठ पुस्तकालय अध्यक्ष, रविंद्र कुमार वरिष्ठ अध्यापक, चंपालाल वरिष्ठ अध्यापक, महावीर प्रसाद अध्यापक, सुमेर सिंह लेघा अध्यापक, अनोप अध्यापक, शंकरलाल, राकेश कुमार, पंकज कुमार, सुरेंद्र कुमार इंदौरिया, राजबाला प्रशासनिक अधिकारी, रविंद्र कुमार प्रशासनिक अधिकारी, शरबती वर्मा अध्यापिका, सुशीला देवी अध्यापिका, संगीता देवी अध्यापिका, सुमित्रा देवी वरिष्ठ लिपिक, राजेश कुमार उपाध्याय व मुकेश कुमार महला आदि ने उनके घर जाकर मायरा स्वरूप आर्थिक सहयोग किया।

## आदेशों की अवमानना करने पर मामला दर्ज

**पाटन**, (निसं)। कोतवाली थाना नीमकाथाना के अंतर्गत ग्राम आगवाड़ी की उच्छव कंवर पत्नी शिंभू सिंह ने कोतवाली थाने में न्यायालय आदेशों की अवमानना कर गाली गलौज, मारपीट, कुए की मेड़ तोड़ना,कुए को बंद करने का मामला कोतवाली थाने में दर्ज करवाया है। उच्छव कंवर ने बताया कि न्यायालय आदेशों को जानबूझ कर उपेक्षित कर तथा वाद ग्रस्त भूमि पर स्थगन आदेश प्रभावी होने की बखूबी जानकारी होने के बावजूद भी कब्जेदार खातेदार को अपनी कृषि भूमि से जबरन बेदखल करने पर आमादा संजय ओला जेके सिमेंट के कर्मचारी, राजकुमार ,निहाल सिंह, घासीराम जाट व अन्य व्यक्तियों द्वारा परिवादियों से अश्लील गाली गलौज मारपीट करना तथा कृषि भूमि की पुख्ता मेड एवं हरे वृक्षों को जड़ से उखाड़ दिए जाना तथा खुले में अपने बाहुबल एवं संख्या बल का प्रदर्शन करते हुए खेत में जबरन घुस कर मेरे साथ मारपीट की। इसकी जानकारी मेरे पुत्र मुकेश को पता चलने पर उसने बीच बचाव करने की कोशिश की तो इन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की। उच्छव कंवर ने बताया न्यायालय आदेशों की जान बूझकर अपेक्षा करना आम जन में न्यायालय के प्रति विश्वास को शिथिल कर रहा है। कोतवाली पुलिस थाना नीमकाथाना ने मामला दर्ज करया है।

# अधीक्षण अभियंता वृत्त कार्यालय को स्थानान्तरित करने की मांग

## बबाई की जगह झुंझुनूं मुख्यालय पर करने की मांग

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं में पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के बैनर तले आरवीएनएल बबाई अधीक्षण अभियंता वृत्त कार्यालय को झुंझुनूं स्थानान्तरित करने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ऊर्जा मंत्री के नाम पांच सूत्री मांगों को लेकर विद्युत कार्मिकों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में बबाई में 400 केवी ग्रिड सब स्टेशन पर वृत कार्यालय अधीक्षण अभियंता एवं कार्यालय लेखाधिकारी संचालित हो रहा है।

बबाई गांव झुंझुनूं जिले के अंतिम छोर पर है। जिला मुख्यालय से करीब 130 किलोमीटर की दूरी पर है एवं भौगोलिक रूप से अब बबाई नवसृजित नीम का थाना जिले में आ गया है। ऐसे में झुंझुनूं जिले के समस्त विद्युत कर्मचारियों को विभाग के कार्यों के लिए अधीक्षण अभियंता कार्यालय एवं लेखा अधिकारी कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिसकी वजह से अत्यधिक समय एवं आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। झुंझुनूं जिले के समस्त ग्रिड स्टेशनों की प्रभावी निगरानी एवं उन पर कार्यरत कर्मचारियों की सुगमता तथा जिला स्तरीय अन्य विभागों के साथ उचित समय में और समन्वय को ध्यान में रखते हुए अधीक्षण अभियंता वृत कार्यालय को नीम का थाना की बजाय झुंझुनूं मुख्यालय पर रखने की मांग की गई है। इस मौके पर पावर इंजीनियर एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान एवं इंटक पदाधिकारी मौजूद थे। पॉवर इंजीनियर एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान की झुंझुनूं इकाई के उपाध्यक्ष कपिल ने बताया कि इस मौके पर सहायक अभियंता अनिल, संदीप, आनंद, अनिल, जगजीत, मोहनसिंह, प्रदीप , गुंजन, मनोज, नरेंद्र, विजय व प्रदीप आदि मौजूद रहे।



**जिला कलेक्टर को ऊर्जा मंत्री के नाम पांच सूत्री मांगों को लेकर विद्युत कार्मिकों ने ज्ञापन सौंपा।**

## मतगणना दलों का गठन किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतों की गणना 04 जून 2024 को जिला मुख्यालय स्थित सेठ मोतीलाल पीजी कॉलेज झुंझुनूं में सुबह आठ बजे प्रारंभ की जाएगी। जिसके लिए मतगणना दलों का गठन किया गया है।

इन मतदान दलों को 20 मई 2024 के पश्चात जिला मुख्यालय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि 17 मई 2024 से समस्त विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण विद्यालय बंद रहेंगे। परंतु गठित किए जाने वाले मतगणना दलों के नियुक्ति आदेश संबंधित कार्मिकों को तामील करवाए जाने के लिए समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित करें कि वे ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्वयं नियमित रूप से विद्यालय खोला जाना सुनिश्चित करें तथा संबंधित कार्मिक को नियुक्ति आदेश तामील करवाया जाना सुनिश्चित करें।

प्रशिक्षण व मतगणना में कोई भी कार्मिक अनुपस्थित रहता है तथा वह अपने जवाब में यह अंकित करता है कि मुझे संस्था प्रधान द्वारा किसी भी प्रकार से प्रशिक्षण अथवा मतगणना की सूचना अथवा आदेश तामील नहीं करवाया गया है तो उसकी जिम्मेदारी संस्था प्रधान के साथ साथ आपकी व्यक्तिगत होगी।


## सार-समाचार

### मरीजों को फल वितरण किये



**तारानगर**,(निसं)। उप भोक्ता समस्या निवारण समिति के प्रदेशाध्यक्ष अमरसिंह चारण के सौजन्य से इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के स्थापना दिवस पर बुधवार को तारानगर के उप जिला अस्पताल में मरीजों को ज्यूस पिलाया व फल वितरित किये। वहीं इस नेक कार्य के लिए अस्पताल स्टाफ ने अमर सिंह चारण का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर तारानगर डीएसपी मिनाक्षी, समाज सेवी एवं भामाशाह जमरदीन तेली, बीसीएमओ डॉक्टर सत्यनारायाण प्रजापत, क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष भगवानदास स्वामी, डॉक्टर मोतीलाल सोनी, पाबूदान सिंह राठौड़, संतेसिंह चारण, पन्नालाल पूनियाँ सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस 12 मई को



**झुंझुनूं**, (निसं)। बुधवार को बीडीके अस्पताल के एएनएमटीसी परिसर में नर्सेज की मीटिंग हुई। जिसमें नर्सेज दिवस मनाने को लेकर चर्चा की गई एवं मनाने की रूपरेखा तैयार की। नर्सेज दिवस बीडीके अस्पताल के राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय परिसर में सुबह 9 बजे मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। नर्सेज दिवस पर जिला अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीज के लिए फल वितरण करने, उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सेज को पुरस्कृत करने, राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय व एएनएमटीसी के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत करने एवं सेवानिवृत्त नर्सेज कर्मचारियों को सम्मानित करने पर सहमति हुई। मीटिंग में एएनएमटीसी के प्रिंसिपल संतोष सैनी, बीडीके अस्पताल के नर्सिंग अधीक्षक बजरंगलाल शर्मा, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर संजीव झाझड़िया, प्यारेलाल चौधरी, विक्रमसिंह शेखावत, सुनील शर्मा एवं मदन कपूरिया आदि उपस्थित रहे।

### चिकित्सा विभाग की टीम ने की कार्रवाई

**सीकर**,(निसं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से लगातार खाद्य पदार्थों की जांच कर मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त के निर्देशानुसार बुधवार को सीकर शहर में कार्रवाई की गई। सीएमएचओ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल बाजिया, महमूद अली, नंदराम मीणा की टीम ने सीकर में न्यू आनंद बेकर्स के यहाँ से आटा बिस्किट, टोस्ट एंड टोस्ट के यहाँ से पेस्टी, ब्रेड, मेट्रो लस्सी बेकर्स के यहाँ से चाकलेट केक, दही और केक हाइवे के यहां से वनीला केक के सैम्पल लिए। उन्होंने बेकरी उत्पाद की जांच के लिए सैम्पल लिए। सभी सैम्पलों को जांच के लिए जयपुर खाद्य प्रयोगशाला में भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान व्यापारियों को खाद्य वस्तुओं को ढककर, स्वच्छ रखने के लिए पाबंद किया गया तथा खाद्य लाइसेंस को प्रतिष्ठान में प्रदर्शित करने की हिदायत दी गई।

### परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां चालू

**बीदासर** ,(निसं)। कस्बे में ब्राह्मण समाज भवन में परशुराम जन्मोत्सव पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर व्रिप समाज की ओर से तैयारियां जोर शोर से चल रही है। जन्मोत्सव को लेकर व्रिप समाज के युवाओं की दो टोलिया गत तीन दिनों से समाज के घर-घर जाकर जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने हेतु पीले चावल देकर निमंत्रण दे रही है। समाज के अध्यक्ष अरूण तिवारी ने बताया कि 10 मई समाज के भवन में परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष पर भगवान शिव का रूद्राभिषेक व भगवान परशुराम की पूजा अर्चना व महाआरती के कार्यक्रम होंगे। पूजा अर्चना के बाद समाज के परिवार सहित व्रिप बंधु महा प्रसाद ग्रहण करेंगे। जन्मोत्सव निमंत्रण कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष अरूण तिवारी, महेश , रोहित , बबलू ,सहित एक दर्जन कार्यकर्ता पीले चावल बांट कर निमंत्रण दे रहे है।

### बाल पुरस्कार-2025 के लिए आमंत्रित

**झुंझुनूं**,(निसं)।महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा "प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025" के लिए मंत्रालय की वेबसाइट ://.. पर 31 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आंमत्रित किए गए है। यह पुरस्कार 18 वर्ष तक की आयु वाले ऐसे बालकों को दिया जाता है। जिन्होनें विभिन्न क्षेत्रों में यथा कला और संस्कृति, विज्ञान और प्रौधोगिकी, पर्यावरण, बहादुरी, नवाचार, शैक्षिक, सामाजिक सेवा और खेल में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रदान किए जाते है। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025" से संबधित अधिक जानकारी मंत्रालय की वेबसाइट ://.. पर उपलब्ध है। बाल पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथी 31.07.2024 है।

### बी.सी.एम.ओ. को सौंपा ज्ञापन

**तारागनर**,(निसं)। तारानगर तहसील की एएनएम ने बुधवार को बीसीएमओ तारानगर को ज्ञापन सौंपकर ई-ग्राम प्रभारी से एएनएम का नाम हटाने की माँग की है। एएनएम इन्द्रावती, सुमित्रा देवी भामरा, नीतू, अंकिता ढाणी आशा, सिलोचना डाबड़ी, मैना नेठवा, निर्मला पण्डरेऊ ताल, प्रेमा कुमारी बीघराण, कमला, सविता झोथड़ा, मन्जू हरिपुरा आदि ने बीसीएमओ तारानगर को सौपे ज्ञापन में लिखा है कि स्वास्थ्य विभाग तारानगर की एएनएम को उपखण्ड कार्यालय में ई-ग्राम प्रभारी नियुक्त किया गया है। ई-जी प्रपत्र में बहुत सारी जानकारियां मांगी गई हैं जो चिकित्सा विभाग से संबन्धित नहीं है तथा एएनएम के पास अन्य अतिरिक्त भी बहुत कार्य है। इसलिए निवेदन है कि एएनएन को ई-जी कार्य से मुक्त किया जावे

### बाल विवाह रोकथाम के लिए बैठक

**अलसीसर**,(निसं)।अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम के लिए महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र पुलिस थाना धनूरी में बैठक आयोजित हुई। महिला अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक संजय कुमार ने बताया कि अक्षय तृतीया पर बाल विवाह में सहयोग करने वाले हलवाई, टेंट वाले, पंडित व बाराती पर भी कार्यवाही होगी। उन्होंने क्षेत्र में कहीं भी बाल विवाह की सूचना तुरंत विभाग में देने की बात कही। इस मौके पर सहायक निदेशक संजय कुमार, सरंक्षण अधिकारी राजेंद्र सिंह शेखावत, मनोज कुमार, सरपंच प्रतिनिधि उस्मान खान, सुनिता, संतरा, रेशमा, अनिता, गीता सहित ग्राम साथिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व काफी संख्या में महिलाए उपस्थित थी।

### पशु-पक्षियों को ज्वार व गुड़ खिलाया

**झुंझुनूं**, (निसं)।महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वीरा प्रमिला शर्मा के सौजन्य से बीबाणी मुक्तिधाम परिसर में पक्षियों को ज्वार एवं पशुओं को गुड़ खिलाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्रप्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, देवेंद्रकुमार गौड़, शिवप्रसाद महर्षि, महेश कुमार मूंड, रमेशचंद्र शर्मा, रंजन शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, शिवचरण पुरोहित, सुरेश सैनी, आदित्य गौड़, झाबरमल एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## खुशनुमा जीवन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**उदयपुरवाटी**,(निसं)। शहर की जांगिड़ कॉलोनी स्थित आर्यन स्किल डेवलपमेंट सेंटर पर चरित्र निर्माण एवं खुशनुमा जीवन विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन एवं विशिष्ट अतिथि सर्वोदय कार्यकर्ता बद्रीप्रसाद तंवर थे ।

संगोष्ठी की अध्यक्षता निदेशक संजय कुमार जांगिड़ ने की । प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन ने कहा कि चरित्र निर्माण एवं कठोर परिश्रम से ही जीवन महकता है, इसके बिना जीवन के होने ना होने का कोई मायना नहीं है, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज व्यक्ति अपना निज जीवन भी दूसरों की तुलनात्मक दृष्टि से जीता है वह सोचता है, मेरा पहनावा मेरा खानपान दूसरों को पसंद है अथवा नहीं ।

दूसरों को कैसा लगेगा दूसरों की दृष्टि में मेरा जीवन स्तर कैसा लगता है वह हर प्रकार से दूसरों से तुलना करता है, जबकि दूसरों को इस बात से कोई सरोकार नहीं

- **चरित्र निर्माण एवं अथक परिश्रम से ही महकता है जीवन : बीके सुनीता बहन**

है । वह मिथ्या भ्रम में अमूल्य जीवन को भार स्वरूप व्यतीत करता है, जबकि जीवन अमूल्य निधि है । आध्यात्मिक मार्ग से ही जीवन की उच्च मंजिल प्राप्त की जा सकती है । सुनीता बहन ने चरित्र एवं जीवन निर्माण विषय पर बिंदुवार उपस्थिति का मार्गदर्शन किया।

इस संगोष्ठी में एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने भी जीवन को रचनात्मक ढंग से जीने के बारे में बताया तथा नेगेटिव थॉट्स को छोड़कर जीवन में पॉजिटिव थॉट्स को अपनाने पर बल दिया । कार्यक्रम के अध्यक्ष संजय जांगिड़ ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया । इस दौरान नीलम शर्मा, प्रेरणा जांगिड़, अजय , चन्द्रकला सैनी, बेबी , दीपक , प्रीति सैनी, कुमकुम कुमारी सहित कई मौजूद रहे ।

# जांगिड़ समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

**रतनगढ**,(निसं)। विश्वकर्मा समाज सेवा समिति रतनगढ़ के तत्वाधान मे समाज का पहला जिला स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मलेन 2024 का आयोजन जांगिड़ अतिथि भवन चुंगी नाका रतनगढ़ मे किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सुखाराम राजोतिया द्वारा की गयी ।

कार्यक्रम में 125 युवक-युवतियों ने अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया एवं अपना परिचय प्रस्तुत किया कार्यक्रम मे ओम प्रकाश

- **125 युवक-युवतियों ने अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया**

बरवाड़िया द्वारा सम्मलेन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला विभिन्न वक्ताओं ने समाज फैली कुरुतियों को दूर करने का आव्हान किया एवं समाज मे युवक युवतियों के उचित आयु मे विवाह करने हेतु प्रेरित किया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे नीरज रोलीवाल जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे कार्यक्रम मे भंवर लाल साँवलोदिया, भंवर लाल चौयल, जगदीश प्रसाद ढाढीवाल, बुधरमल सिलक, मती कल्पना, तुलसाराम, लिखमीचंद काला ,झाबरमल अडीचवाल रघुनाथपुरा, गौवर्धन लाल धामु, धन्ना राम अडीचवाल, भंवर लाल रोंसवा, सांवर मल बरवाड़िया, बाबू लाल सेहला, मनीराम जी रोसावा ,सुरेंद्र रोसावा ,मोहन लाल कुलरिया, लाल चंद डाडीवाल उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार बोदलिया व बजरंग लाल धामु गोरीसर व सुसेजल बरवड़िया द्वारा किया गया।


**विश्वकर्मा समाज सेवा समिति रतनगढ़ के तत्वाधान में पहला जिला स्तरीय सम्मलेन आयोजित हुआ।**

# अखंड संकीर्तन स्वर्ण जयंती पर होगी राम कथा

**रतनगढ़**,(निसं)। श्री तालवाले बालाजी श्याम जी मंदिर प्रांगण में 25 मई 1974 से अनवरत चल रहे अखंड षोडश नाम संकीर्तन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर श्री राम कथा के आयोजन को लेकर गत मंगलवार की रात्रि को नाम संकीर्तन ट्रस्ट, कथा आयोजन समिति व पुजारी परिवार द्वारा कथा तैयारी बैठक का आयोजन धर्म प्रेमी गिरधारीलाल बाजोरिया की अध्यक्षता में हुआ ।

श्रीराम कथा का आयोजन आगामी 24 मई से 1 जून तक समय दोपहर 12:30 से शाम 5:30 बजे तक रखा गया है।कथा का वाचन बुद्धिगरी मढ़ी के

- **राम कथा का वाचन पीठाधीश्वर महंत दिनेश गिरी महाराज के श्री मुख से अमृत वर्षा 24 मई से 1 जून तक**

पीठाधीश्वर महंत दिनेशगिरी महाराज करेगे। कथा शुरू होने से पूर्व रामचंद्र पार्क शिवालय से 24 मई को प्रात: 8:30 बजे गायत्री परिवार के सहयोग से कथा स्थल तक शोभा यात्रा का आयोजन भी भव्य रूप से किया जाएगा।बैठक में कथा आयोजन समितियों का गठन व कार्यक्रम की रूपरेखा बनायी व दायित्व सौंपा । बैठक को रघुनंदन धरेंद्र, पदेन पुजारी रवि इंदौरिया, धनराज इन्दौरिया, हनुमानसिंह शेखावत व मुरारीलाल पारीक ने कथा कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अखंड संकीर्तन करने वालों को वर्तमान में 15 रुपए प्रति घंटा आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है जिसे 20 रुपए करने का प्रस्तावित रखा गया । उसके लिए बजट बढ़ाने संकीर्तन के आजीवन सदस्य बढ़ाने का सभी से आ ान किया गया। नाम संकीर्तन ट्रस्ट के अध्यक्ष जोधराज बैद ने कथा कार्यक्रम को भव्य मनाने का दूरभाष पर संदेश दिया।

## चेयर भेंट की

**बीदासर**,(निसं)। बेगराज भवर लाल चौरडिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्रीराम नि: स्वार्थ सेवा समिति बीदासर के संदीप सुथार की प्रेरणा से मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी बीदासर कार्यालय को बुधवार को आठ सुप्रीम आरनेट चेयर भेंट की गई। सी बी ई ओ संदीप व्यास ने बताया कि विगत गुरूवार को श्रीराम निस्वार्थ सेवा समिति बीदासर के संदीप सुथार अनौपचारिक बातचीत हेतु कार्यालय में उपस्थितथे। विभिन्न विद्यालयों में भामाशाह द्वारा विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सुथार ने कार्यालय में अपर्याप्त बैठक व्यवस्था से चौरडिया परिवार को अवगत करवाया तथा चौरडिया परिवार ने तत्काल कार्यालय में आठ सुप्रीम आरनेट चेयर उपलब्ध करवाई, तथा कार्यालय कक्ष हेतु ग्रीन कारपेट भी उपलब्ध करवाया गया।

# निष्पादन समिति की बैठक हुई

**बीदासर** ,(निसं)। कस्बे के पंचायत समिति सभागार में बुधवार को मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास की अध्यक्षता में निष्पादन समिति की बैठक हुई।

बैठक में सी.बी.ई.ओ संदीप व्यास ने कहा कि संस्थाप्रधानों की सजगता और समस्त पी ई ई ओ की सक्रियता से ब्लॉक ने एक बार फिर शाला दर्पण रैंकिंग में जिले में प्रथम स्थान बनाया है। जिले में सर्वश्रेष्ठ रहने के साथ प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। व्यास ने कहा कि समस्त शिक्षाधिकारियों को बधाई देते हुए शाला दर्पण रैंकिंग में प्रथम स्थान के लिए निरंतरता बनाए रखने का आव्हान किया। उन्होंने पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों को नवीनतम विभागीय निर्देशों की जानकारी देते हुए, प्रवेशोत्सव की समस्त गतिविधियां उत्साहपूर्वक आयोजित करवाने के लिए आवश्यक तैयारियों को व्यक्तिगत रूप से देखें, जिससे नामांकन में कम से कम दस प्रतिशत की वृद्धि आवश्यक रूप से हो। ए सी बी ई ओ चरण सिंह ने एस एन ए व एम डी एम के उपयोगिता प्रमाण पत्र, परीक्षा सामग्री, समाजसेवा शिविर एवं भण्डार के भौतिक सत्यापन पर चर्चा की। सन्दर्भ व्यक्ति रचना पारीक ने दीक्षा प्रशिक्षण, पालनहार सत्यापन, क्यू एम टी एवं आई एफ एम एंट्री पर चर्चा की। साक्षरता प्रभारी जयप्रकाश ने आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति का आव्हान किया गया।

## पत्रकारों से दुर्व्यवहार की शिकायत

**झुंझुनूं**, (निसं)। सेवानिवृत्ति जिला जनसंपर्क अधिकारी सवाई सिंह ने राज्य की उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी को पत्र लिखकर शिकायत की है कि राजस्थान के विभिन्न टोल बूथों पर टोल कर्मचारियों द्वारा अधिस्वीकृत पत्रकारों से नियम विरुद्ध टोल वसूलने एवं अभद्र व्यवहार करने की घटनाएं घटित होते देखी जा सकती हैं।

सवाई सिंह ने अपने पत्र के माध्यम से कहा कि अभी दो दिन पूर्व उनके साथ भी एक टोल बूथ पर अभद्रता की गई तथा टोल वसूला गया जबकि राज्य सरकार ने बाकायदा बजट नोटिफिकेशन करके सरकारी कर्मचारियों अधिकारियों एवं अधिश्वीकृत पत्रकारों को टोल फ्री की सुविधा दी हुई है। इसके उपरांत कई टोल बूथों पर टोल कर्मचारियों द्वारा टोल वसूला जाता है। उन्होंने बताया कि कितना भी उनसे कह दो कहते रहो अपना प्रेस कार्ड दिखाओ फिर भी वे उलझते ही रहते हैं और टोल वसूलते हैं। पूर्व जिला जनसंपर्क अधिकारी ने दिया कुमारी से शीघ्रातिशीघ्र जिला कलेक्टरों के माध्यम से टोल बूथ वालों को पाबंद करने की मांग की है।

# कक्षा आठ तक के बच्चों की छुट्टी दो घंटे पहले

## झुंझुनूं जिले में हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपालने तेज गर्मी के कारण स्कूल जा रहे नौनिहालों की सुध ली है। जिला कलेक्टर ने प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के स्कूल समय में दो घंटे की कटौती करते हुए उन्हें राहत दी है।

अब तपती धूप में दोपहर एक बजे की बजाय प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों की छुट्टी दो घंटे पहले 11 बजे ही हो जाएंगी। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने इस संदर्भ में आदेश जारी किए है। जिसके तहत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर की कक्षाओं के विद्यार्थियों को अब सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक की बजाय सुबह साढ़े सात बजे से सुबह 11 बजे तक ही स्कूल जाना होगा। यह आदेश नौ मई से प्रभावी होगा। जो इस शैक्षिणक सत्र के अंत तक, यानि कि 16 मई 2024 तक लागू रहेगा। इसके बाद जब नया शैक्षिणक सत्र एक जुलाई 2024 से शुरू होगा। तो तत्कालीन स्थिति के अनुसार निर्णय लिया जाएगा। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए सरकारी और गैर सरकारी, दोनों तरह के स्कूलों के लिए यह आदेश जारी किया गया है। विद्यालयों में शिक्षक और कार्मिक विभागीय समयानुसार ही उपस्थिति देने तथा विद्यालयों में संचालित अन्य परीक्षाओं का समय यथावत रखने के लिए भी कहा गया है। उनमें कोई परिवर्तन या फिर कटौती नहीं है। आपको बता दें झुंझुनूं में इन दिनों पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया है। साथ ही जिले में हीट वेव को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया हैं। ऐसे में बच्चों को राहत देने वाला यह फैसला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने लिया है।


**झुंझुनूं जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने आदेश जारी किये।**

- **झुंझुनूं जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने तेज गर्मी से बच्चों को राहत देने वाला फैसला लिया**

## मूल्य पर फसल खरीद के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

**झुंझुनूं**,(निसं)।जिले के 5 क्रय-विक्रय सहकारी समितियां, 2 उप केंद्र एवं 12 ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड में समर्थन मूल्य गेंहू, सरसों एवं चना खरीद केंद्रों पर खरीद एक अप्रेल 2024 से आरंभ हो चुकी हैं। जिले में सुचारू रूप से खरीद व्यवस्था के संचालन को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, जयपुर खंड जयपुर द्वारा खरीद केंद्रों की पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण के लिए खरीद पर्यवेक्षक के रूप में जिला स्तर पर सहकारी विभाग के अधिकारियों की नियुक्ति की गई हैं सहकारी समितियां झुंझुनूं की उप रजिस्ट्रार विभा खेतान ने बताया कि इसके लिए जिले में डूंडलोद मंडी के लिए झुंझुनूं केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के संदीप मो. 9950172403, चिड़ावा व सूरजगढ़ के लिए झुंझुनूं केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की अधिशाषी अधिकारी सुमन चाहर मो. 9414801492, झुंझुनूं व उदयपुरवाटी के लिए झुंझुनूं सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड के सचिव संजीव मो. 9057587382 तथा कंट्रोल रूम प्रभारी केउप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां झुंझुनूं के तकनीकी सहायक अशोक पूनियां फोन नंबर 01592 232244 होंगे।

